अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 8 सितंबर 2022
भाद्रपद शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2079

Page No. 05 : Middle

एसआरएमएस कॉलेज में बीटेक छात्रों के लिए पूल कैंपस प्लेसमेंट

बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में धामपुर बायो ऑर्गेनिक और एचसीएन टेक्नोलाजीज द्वारा वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 बैच के बीटेक ईई, मैकेनिकल, सीएसई, आईटी और ईसी के विद्यार्थियों हेतु पूल कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के बीटेक अंतिम वर्ष के 15 से ज्यादा राजकीय एवं प्राइवेट कॉलेज के 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। टीएंडपी सेल के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। धामपुर बायो ऑर्गेनिक ने शार्टलिस्टेड विद्यार्थियों के टेक्निकल इंटरव्यू लिए और अंतिम रूप से 5 विद्यार्थियों का चयन किया गया। एचसीएल एक हफ्ते बाद रिजल्ट घोषित करेगी।